# वेटिकन सिटी में पोप लियो से मिले मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास

## पोप ने राजस्थान और भारत के विकास एवं प्रगति के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी

**जयपुर, ( निसं )।** मुख्य सचिव एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (आईआईएएस) के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी में पोप लियो से मुलाकात की। इस अवसर पर आईआईएएस के 520 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पोप लियो के 'स्पेशल ब्लेसिंग' में भाग लिया। पोप ने राजस्थान और भारत के विकास एवं प्रगति के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। श्रीनिवास ने इस मुलाकात को अत्यंत गौरवपूर्ण अनुभव बताते हुए मानवता की सेवा के पोप के वैश्विक प्रयास 'मैग्निफिका ह्यूमैनिटास' में आईआईएएस की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया।

पोप लियो ने आईआईएएस के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक को आमजन की सेवा का माध्यम बनाने के लिए इसका मानवीकरण आवश्यक है। उन्होंने मानव कल्याण को शासन और तकनीकी विकास के केंद्र में रखने का आव्हान करते हुए कहा कि मानव परिवार की भलाई को निजी हितों के लिए बलिदान नहीं किया जाना चाहिए।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी में पोप लियो से मुलाकात की।

पोप ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तेजी से विकसित होती डिजिटल तकनीकों के दौर में मानव हितों की रक्षा तथा तकनीक के संतुलित और जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एआई जिस गति से विकसित हो रही है, उसमें यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि तकनीक मानवता की सेवा करे और मनुष्य अपने ही आविष्कारों का शिकार न बने। उन्होंने मानव जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय मशीनों को सौंपे जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए मानव बुद्धिमत्ता की अपरिहार्यता को रेखांकित किया। उन्होंने डिजिटल तकनीकों के मानवीय उपयोग के लिए प्रभावी नैतिक ढांचा विकसित करने की आवश्यकता बताई। साथ ही, आईआईएएस को इस दिशा में शोध जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सार्वजनिक प्रशासन में डिजिटल तकनीकों का उपयोग इस प्रकार किया जाए कि वे जीवन और शांति की सेवा करें।

■ डिजिटल तकनीक को आमजन की सेवा का माध्यम बनाने के लिए इसका मानवीकरण आवश्यक - पोप लियो

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने 50 किलो संदिग्ध मिल्क केक-लड्डू नष्ट किए

■ 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत बगरू व दूदू क्षेत्र में मिठाई प्रतिष्ठानों एवं निर्माण परिसरों का सघन निरीक्षण किया

**जयपुर( निसं )।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत रक्षाबंधन के दिन शुक्रवार को बगरू और दूदू क्षेत्र में मिठाई प्रतिष्ठानों और निर्माण परिसरों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान करीब 50 किलो संदिग्ध मिल्क केक और लड्डू मौके पर नष्ट करवाए गए, जबकि विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि दहमी कलां स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार से जलेबी और बगरू के शिव शक्ति स्वीट होम से पनीर का नमूना लिया गया। वहीं श्री सालासर कोटा कचौरी एंड नमकीन भंडार में निरीक्षण के दौरान करीब 50 किलो मिल्क केक और लड्डू संदिग्ध गुणवत्ता के पाए गए। इन्हें नियमानुसार मौके पर नष्ट करवाकर संबंधित खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए। दूदू में अन्नपूर्णा जोधपुर स्वीट्स से मावा, अग्रवाल मिष्ठान भंडार से बेसन बर्फी और जोधपुर मिष्ठान भंडार से मोतीचूर के लड्डू के नमूने लिए गए। खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और संबंधित नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने बताया कि त्योहारी सीजन में मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए निरीक्षण एवं सैम्पलिंग अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता और मुकेश कुमार शामिल रहे।



**लोकभवन में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की कलाई पर राखी बांधी। राज्यपाल बागडे ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्यार के रूप में परस्पर प्रेम और विश्वास का पावन उत्सव है। उन्होंने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति संकल्पबद्ध होने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन कर्तव्य और संरक्षण की भावना का पावन पर्व है।**

# स्मैक तस्कर समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर( निसं )।** आगामी निकाय चुनावों को देखते हुए खोह नागोरियान थाना पुलिस ने अवैध गतिविधियों और नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 1.30 ग्राम स्मैक और जुआ खेल रहे दो आरोपियों से 8,700 रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने सर्च अभियान के दौरान 1.30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ रवि गुर्जर (21) को गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से बामणवास, सवाई माधोपुर का रहने वाला है और वर्तमान में खानियां, ट्रांसपोर्ट नगर में किराए से रह रहा था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने बसंत विहार इलाके में पैसों का दांव लगाकर ताश से जुआ खेल रहे राशिद (35) निवासी विदिशा, मध्यप्रदेश और चांद खां (36) निवासी बसंत विहार, खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से 8,700 रुपए की जुआ राशि जब्त की गई। पुलिस ने राजस्थान सार्वजनिक द्यूत अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्रावणी कर्म: गायत्री परिवार ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया

**जयपुर( निसं )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में सावन माह की पूर्णिमा पर शुक्रवार को जयपुर के विभिन्न प्रज्ञा संस्थानों पर श्रावणी उपाकर्म एवं रक्षाबंधन पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान हेमाद्रि संकल्प, सप्त ऋषि पूजन, वेद पूजन, दस विध स्नान, यज्ञोपवीत परिवर्तन, सामूहिक तर्पण और गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। साधकों ने ऋषियों एवं वेद परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आत्मशुद्धि, सदाचार, संयम और आध्यात्मिक साधना को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। साथ ही जीवन में जाने-अनजाने में हुए गलत कार्यों तथा ज्ञात-अज्ञात पाप कर्मों के लिए भगवान से क्षमा याचना की गई और भविष्य में उन गलतियों को नहीं दोहराने का संकल्प लिया गया। सभी स्थानों पर नारी का सम्मान करने और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। गायत्री शक्तिपीठ, ब्रह्मपुरी में श्रावणी उपाकर्म का मुख्य आयोजन हुआ। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि साधकों ने विधि-विधान से भस्म, मिट्टी, गोमय, गोमूत्र, दूध, दही, घी, शहद,हल्दी और कुशा से दस विध स्नान किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गायत्री यज्ञ में आहुतियां अर्पित की गईं। आयोजन में ऋषि परंपरा, वेदाध्ययन और आत्मशुद्धि के महत्व पर प्रकाश डाला गया। गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा की ओर से रामेश्वर धाम कॉलोनी स्थित गौड़ विप्र समाज भवन में श्रावणी उपाकर्म एवं रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। योग गुरु अजय शर्मा ने शंखनाद के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मनु महाराज ने वेदमाता गायत्री और गुरु सत्ता का पूजन कराया।



**सावन माह की पूर्णिमा पर जयपुर के विभिन्न प्रज्ञा संस्थानों पर श्रावणी उपाकर्म व रक्षाबंधन पर्व श्रद्धा, आस्था के साथ मनाया गया।**

व्यास पीठ से प्रहलाद शर्मा ने विधि-विधान से हेमाद्रि संकल्प कराया। इसके बाद सप्त ऋषि पूजन, वेद पूजन, दस विध स्नान, यज्ञोपवीत परिवर्तन और सामूहिक तर्पण कराया गया। श्रावणी कर्म के तहत प्रतिभागियों ने पुराना यज्ञोपवीत उतारकर विधि-विधान से नया यज्ञोपवीत धारण किया। इसके बाद गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ के बाद सभी ने एक-दूसरे को रक्षासूत्र बांधकर आपसी प्रेम, सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पौधारोपण कर तरु पूजन भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया गया। अंत में सत्संकल्प पत्र का वाचन कराया गया।

# राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित अफसर का निधन

**कोटपूतली, ( निसं )।** राजस्थान पुलिस जयपुर में कार्यरत पुलिस उप अधीक्षक ओमप्रकाश वर्मा (आरपीएस) का 59 वर्ष की आयु में असामयिक निधन हो गया। वह पिछले लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही पुलिस महकमे सहित उनके पैतृक गांव कांसली में शोक की लहर दौड़ गई। मूल रूप से कांसली गांव के निवासी रामजीलाल के पुत्र ओमप्रकाश वर्मा राजस्थान पुलिस के एक चमकते सितारे थे।

# बारिश का दौर थमने से चढ़ने लगा दिन का पारा, रात का पारा गिरा

■ प्रदेश में अब तक सामान्य से 21 फीसदी कम बारिश हुई है

**जयपुर, ( निसं )।** प्रदेश में बारिश का दौर थमने लगा है। इससे प्रदेश के शहरों के दिन के पारे में बढ़ोतरी और रात के पारे में गिरावट आने लगी है। राजस्थान में अब तक सामान्य से 21 फीसदी कम बारिश हुई है। हालांकि शुक्रवार को माउंट आबू और डूंगरपुर में हल्की बारिश दर्ज की गई, बाकी शहर सूखे रहे। आगामी सात दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और पारे में बढ़ोतरी की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को बारिश का दौर धीमा रहने से प्रदेश के अधिकांश शहरों के तापमान में 1 से 2 डिग्री तक का उछाल दर्ज किया गया। जयपुर में दिनभर छितराए बादल छाए रहे और धूप खिली। इससे उमस भरा माहौल बना रहा। इससे आमजन परेशान नजर आए। जयपुर का अधिकतम तापमान 35.4 और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 39.8 और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी एक सप्ताह बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, जयपुर, भरतपुर व कोटा संभाग के अधिकांश भागों में कमजोर मानसून परिस्थितियां दर्ज होने तथा मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान में केवल छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। 3-4 सितंबर से पूर्वी व उत्तरी राजस्थान के कुछ भागों में पुनः बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। गुरुवार को पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई है।

# एएनटीएफ ने करोड़ों की एमडी बरामद कर दो इनामी आरोपी गिरफ्तार किए

■ रक्षाबंधन पर्व पर राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशे के कारोबार और फरार अपराधियों के खिलाफ तीन बड़ी कार्रवाई की

**जयपुर,( निसं )।** रक्षाबंधन के पर्व पर राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशे के कारोबार और फरार अपराधियों के खिलाफ तीन बड़ी कार्रवाई की। नागौर में जयपुर लाई जा रही 5 किलो 400 ग्राम एमडी बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.62 करोड़ रुपये बताई गई है। इसके अलावा पुलिस पर फायरिंग के मामले में करीब एक साल से फरार 25 हजार रुपये के इनामी संदीप राज शर्मा को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। वहीं करीब 10 माह से वांछित एक लाख रुपये के इनामी तस्कर सरगना श्यामसुंदर उर्फ सांवराराम उर्फ सांवरिया को जोधपुर से गिरफ्तार किया गया।

आईजी एएनटीएफ विकास कुमार, राजस्थान पुलिस ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन भी एएनटीएफ की टीमें ड्यूटी पर रहीं और अलग-अलग अभियानों में सफलता हासिल की।

एएनटीएफ ने नागौर के जायल थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर 5.400 किलो एमडी बरामद की। मौके से टीयूवी-300 कार जब्त कर एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एमडी की बड़ी खेप नागौर से जयपुर ले जाकर अलग-अलग पार्टियों और ग्राहकों को सप्लाई की जानी है। टीम ने ग्राम दुगौली में खारी-जोधा जाने वाली सड़क पर देवनारायण बगीची के सामने नाकाबंदी की। संदिग्ध कार की तलाशी लेने पर खलासी सीट के नीचे रखे सफेद प्लास्टिक के कट्टे में पांच हरी थैलियों से एमडी बरामद हुई।प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि खेप सालासर-मालास, थाना मेडतारोड़ क्षेत्र से ली गई थी और धुडिला गांव के पास एक तस्कर ने इसे बाल अपचारी को सौंपा था। मोबाइल में एक अकाउंटिंग ऐप पर 'एसडी मुथ' नाम से करीब 16 लाख रुपये के लेन-देन का हिसाब भी मिला। पुलिस सप्लायर और आगे की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। एएनटीएफ के अनुसार गठन के करीब 10 माह में टीम 196.76124 किलो एमडी बरामद कर चुकी है।

दूसरी कार्रवाई में एएनटीएफ ने 'ऑपरेशन कलर फोटो' के तहत करीब एक साल से फरार 25 हजार रुपये के इनामी संदीप राज शर्मा को जयपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार जून 2025 में जयपुर पुलिस टीम वांछित आरोपी की तलाश में नंदन विहार कॉलोनी स्थित किराये के मकान पर पहुंची थी। वहां संदीप शर्मा ने कथित रूप से देशी कट्टे जैसे हथियार से पुलिस पर फायर किया। गोली एक पुलिसकर्मी के हाथ को छूकर निकल गई। इसके बाद आरोपी स्कॉर्पियो से फरार हो गया। मामले में रामनगरिया थाना जयपुर पूर्व में फायरिंग और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में 11 आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। फरारी के दौरान उसने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, जयपुर और दौसा में ठिकाने बदले। एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि वह एनडीपीएस मामलों में वांछित साथियों के साथ जयपुर में मिलने वाला है।

## NAME CHANGE

I have Changed My Name from Shueb Ahmed to SHUEB AHAMED S/o Abdul Hafeez for all future purpose. Address: 4226, Shikariyo Ka Mohalla, Anaj Mandi, Johari Bazar, Jaipur.302003

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 23/2026

**धारा-8,17,29**

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम श्रीमती नायला राजीव चन्देल पत्नी स्व. राजीव चन्देल जाति....

विवाद स्थान फ्लेट नं.1001, महिमा बेला विस्टा, 10वीं मंजिल ग्राम-खो-नागोरियान, तहसील-सांगानेर, जिला-जयपुर

मृतक राजीव चन्देल की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 14/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम राजीव चन्देल पुत्र रणजीत सिंह चन्देल जाति... निवासी जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14 माह 10 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 21 माह 08 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या-11, जयपुर महानगर
मुख्यालय सांगानेर

नम्बर मिलाइए
8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# नेपाल-तिब्बत के बाढ़ पीड़ितों की सुरक्षा-संरक्षण के लिए यज्ञ किया

■ रक्षाबंधन पर विश्व शांति, सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना भी की गई

**जयपुर( निसं )।** रक्षाबंधन पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के परिजनों ने तकनीक के माध्यम से देश-विदेश के 108 स्थानों से ऑनलाइन यज्ञ में सहभागिता की। करीब 600 परिजनों ने एक साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित करते हुए नेपाल तिब्बत के बाढ़ पीड़ितों की सुरक्षा, संरक्षण और संकट से शीघ्र मुक्ति की प्रार्थना करते हुए विशेष आहुतियां प्रदान की। रक्षाबंधन पर विश्व शांति, सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना भी की गई।



**रक्षाबंधन पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के परिजनों ने तकनीक के माध्यम से देश-विदेश के 108 स्थानों से ऑनलाइन यज्ञ में सहभागिता की।**

ऑनलाइन यज्ञ में चीन के बीजिंग, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी सहित सिलीगुड़ी, दिल्ली, साहिबगंज, वल्लभगढ़, पटना, बेंगलुरु, जयपुर, चंडीगढ़, उदयपुर, हनुमानगढ़, टोंक, अजमेर, दौसा, कोटपूतली और चित्तौडग़ढ़ जैसे शहरों से परिजन जुड़े। वहीं दूदू, चाकसू, नीमकाथाना और फतेहपुर शेखावाटी जैसे तहसील मुख्यालयों से भी बड़ी संख्या में परिजनों ने ऑनलाइन यज्ञ में भाग लिया। इस तरह महानगरों से लेकर ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों तक गायत्री परिवार के परिजनों ने एक साथ यज्ञीय वातावरण में सहभागिता की। प्रान्तीय जोनल समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल और प्रान्तीय सह समन्वयिका गायत्री कचोलिया ने सभी परिजनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। बीजिंग, चीन से जुड़े रोहित ने भी ऑनलाइन माध्यम से संबोधित किया और तकनीक के जरिए गायत्री परिवार के अभियान को व्यापक स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता पर विचार रखे।

सादर
भावभीनी श्रद्धांजलि



29.01.1937 - 26.08.2026

**श्री वीरेन्द्र सिंह वर्मा**

के देवलोक गमन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन
शनिवार, दिनांक 29 अगस्त 2026 को सांय 4 से 5 बजे तक
अणुविभा केन्द्र, मालवीय नगर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर में किया गया है।

:: श्रद्धावनत ::

**डॉ. एम. एल. स्वर्णकार - श्रीमती मीना स्वर्णकार** (दामाद-पुत्री)
संस्थापक एवं एमेरिटस चेयरपर्सन
तथा
**डॉ. विकास चन्द्र स्वर्णकार**
चेयरपर्सन एवं चांसलर

**डॉ. शोभित स्वर्णकार**
मेम्बर, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट

**राम रतन सोनी**
सी.ई.ओ. एवं चीफ फाईनेंस तथा अकाउन्ट्स ऑफिसर

वाइस चांसलर, मेम्बर्स बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट, एकेडमिक काउंसिल, फैकल्टी, स्टाफ एवं विद्यार्थीगण
महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एण्ड टेक्नोलॉजी

MAHATMA GANDHI UNIVERSITY of MEDICAL SCIENCES AND TECHNOLOGY
JAIPUR
रीको इन्सटीट्यूशनल एरिया, सीतापुरा, टोंक रोड, जयपुर 302 022
फोन : 0141- 2771777, 2771001-2-3, Toll free 1800 180 6002 • Web. : www.mgmch.org